अमर उजाला
बरेली शुक्रवार, 20 मार्च 2026

PAGE NO :08 BOTTOM

छवि की घातक गेंदबाजी से एसआरएमएस की टीम विजयी

शाहजहांपुर। कृभको खाद फैक्टरी के मैदान पर बृहस्पतिवार को एसआरएमएस, बरेली ने छवि की घातक गेंदबाजी के दम पर शाहजहांपुर को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से हुए फाइनल मुकाबले में शाहजहांपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 75 रन बनाए।

ओपनर शिवा यादव ने 31 रन बनाए। एसआरएमएस, बरेली की ओर से छवि ने चार, फैजा व इशिता ने दो-दो विकेट हासिल किए। एसआरएमएस की टीम ने छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इशिता ने 21 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच छवि, मैन ऑफ द सीरीज और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज शाहजहांपुर की शिव यादव रहीं। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बरेली की छवि को चुना गया। संवाद